Sec.3.4.1(L)

14th April 2023

The Secretary,
BSE Ltd.,
Phiroze Jeejeebhoy Towers,
Dalal Street, Mumbai 400 001
BSE Scrip Code: 500547

The Secretary,
National Stock Exchange of India Ltd.,
Exchange Plaza, Plot No C/1, G Block,
Bandra-Kurla Complex, Mumbai 400051
NSE Symbol : BPCL

Dear Sir/Madam,

Sub: Intimation regarding press release by Madhya Pradesh Government

We are enclosing the Press release issued by Government of Madhya Pradesh on Tuesday, 11th April 2023 for the expansion of Bina Refinery of Bharat Petroleum Corporation Limited (BPCL) and setting up of a petrochemical project.

Further, details shall be shared after approval of the Board of BPCL.

Thanking you,

Yours faithfully,
For Bharat Petroleum Corporation Limited

KALA V
Digitally signed by KALA V
Date: 2023.04.14 12:57:39 +05'30'

(V. Kala)
Company Secretary

Encl: a/a

निवेश संवर्धन मंत्रि-परिषद समिति ने 50 हजार करोड़ रूपये की पेट्रोकेमिकल परियोजना एवं 150 करोड़ के निवेश को दी स्वीकृति

युवाओं को मिलेगा रोजगार और अन्य MSME होंगी स्थापित

भोपाल : मंगलवार, अप्रैल 11, 2023, 16:17 IST

आज़ादी का अमृत महोत्सव

मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान की अध्यक्षता में निवेश संवर्धन मंत्रि-परिषद समिति ने आज मंत्रालय में हुई बैठक में भारत पेट्रोलियम कार्पोरेशन लिमिटेड (बीना रिफायनरी) द्वारा लगभग 43 से 50 हजार करोड़ रूपये के निवेश से सागर संभाग के बीना स्थित रिफायनरी के विस्तार और पेट्रोकेमिकल परियोजना की स्थापना संबंधी पुनरीक्षित प्रस्ताव को स्वीकृति प्रदान की।

इस परियोजना की स्थापना से लगभग दो हजार युवाओं को रोजगार मिलेगा। इस परियोजना में वित्तीय वर्ष 2027-28 तक उत्पादन प्रारंभ होने की संभावना है। परियोजना के अंतर्गत पेट्रोलियम के बायप्रोडक्ट्स जैसे- गैसोलीन, डीजल, एटीएफ/जेट फ्यूल, LLDPE, HDPE पॉली प्रोपाईलीन, बिटुमिन, बेंजीन आदि का उत्पादन किया जाएगा। परियोजना की स्थापना से म.प्र. में पेट्रोलियम, केमिकल, पेट्रोकेमिकल के क्षेत्र में निवेश बढ़ेगा। परियोजना में फीडस्टॉक की उपलब्धता के साथ क्षेत्र में कई डाउनस्ट्रीम एमएसएमई की स्थापना होगी।

मोहासा-बाबई औद्योगिक क्षेत्र में 150 करोड़ के निवेश को भी दी स्वीकृति

निवेश संवर्धन मंत्रि-परिषद समिति द्वारा 150 करोड़ रूपये के महत्वपूर्ण निवेश को भी स्वीकृति प्रदान की गई। मेसर्स आयनॉक्स एयर प्रोडक्ट लिमिटेड द्वारा नर्मदापुरम जिले के औद्योगिक क्षेत्र मोहासा-बाबई में 150 करोड़ रूपये के पुनरीक्षित निवेश प्रस्ताव को भी स्वीकृति प्रदान की गई। इस परियोजना की स्थापना से विश्व-स्तरीय तकनीकी आधारित एअर सप्रेशन यूनिट से 200 टन प्रतिदिन क्रायोजेनिक मेडिकल एवं इंडस्ट्रियल गैस का उत्पादन किया जाएगा। इस परियोजना की स्थापना से मेडिकल ऑक्सीजन की आपूर्ति सुगम हो जाएगी।

दोनों परियोजना की स्थापना से युवाओं को रोजगार मिलने से क्षेत्र का आर्थिक एवं सामाजिक विकास होगा। बैठक में औद्योगिक नीति एवं निवेश प्रोत्साहन मंत्री श्री राजवर्धन सिंह दत्तीगांव एवं एमएसएमई मंत्री श्री ओमप्रकाश सखलेचा सहित निवेश संवर्धन समिति के अन्य सदस्य उपस्थित थे।

बबीता मिश्रा